LALITPUR POLICE

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस-नोट

दिनांक- 12.12.2024

साइबर क्राइम थाना, ललितपुर पुलिस द्वारा ऑनलाइन धोखाधडी से फ्राड हुई धनराशि वापस कराकर पीडित के चेहरे पर लौटाई मुस्कान

श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झाँसी के निर्देशन मे पुलिस अधीक्षक, ललितपुर श्री मो0 मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना, ललितपुर द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आवेदक भैयालाल पुत्र स्व० श्री बालचन्द निवासी गाँधी नगर चिराग शाह की गली थाना कोतवाली जनपद ललितपुर जिनकी कुल धनराशि 10000/- रुपये की धोखाधड़ी हुई थी, जिसके सम्बन्ध में आवेदन प्राप्त हुआ था।

साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम जनपद ललितपुर द्वारा आवेदक भैयालाल उपरोक्त द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियो / बैंको/वालेट आदि से सम्पर्क कर, आवेदक उपरोक्त की फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि वापस करायी गयी।

आवेदक भैयालाल उपरोक्त की ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि आवेदक के खाते में वापस होने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक ललितपुर व साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामदगी का विवरणः-

क्र0सं0	नाम पता वादी	फ्रॉड हुई धनराशि	वापस करायी गयी धनराशि
01	भैयालाल पुत्र स्व० श्री बालचन्द निवासी गाँधी नगर चिराग शाह की गली थाना कोतवाली जनपद ललितपुर	10,000/-	10,000/-

बरामद करने वाली टीम-

1- प्रभारी निरीक्षक श्री कृष्ण देव यादव साइबर क्राइम थाना जनपद ललितपुर।

2-उ0नि0 राहुल सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद ललितपुर।

3-का0 पवन कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद ललितपुर।

4-का0 मो० वसीम साइबर क्राइम थाना जनपद ललितपुर।

5-का0 कुँवर देवेन्द्र सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद ललितपुर।